# आबकारी विभाग ने अवैध शराब की 48 बोतलें की जब्त

## नगर के वार्ड क्रमांक 3, 5 और 12 में दी दबिश, पकड़े गए तीन आरोपियों के खिलाफ की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शहर में अवैध शराब की होम डिलीवरी की बढ़ती शिकायतों पर समाचार पत्रो में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है। आबकारी विभाग ने सौसर नगर के विभिन्न वार्डों में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ तीन प्रकरण दर्ज किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी. आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाई और नगर में छापेमार कार्यवाही कि गई है। शनिवार को आबकारी वृत्त सौसर की टीम ने नगर के वार्ड क्रमांक 3, 5 और 12 में दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से शराब का संग्रह और विक्रय करते हुए पकड़े गए तीन आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। जिसमे गणेश तवला, शरद टेकाम आदि का समावेश है। कार्यवाही के दौरान कुल 48 पाव देसी मदिरा जप्त की गई है। विभाग ने मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) के तहत कार्यवाही की गई है।कार्यवाही में वृत्त प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी के. सी. चौहान के नेतृत्व में आबकारी आरक्षक जितेंद्र सिंह, उत्कर्ष और भावना ने सक्रिय भूमिका निभाई है।



### भाजपा मंडल बिछुआ की कामकाजी बैठक संपन्न

**बिछुआ।** भाजपा मंडल बिछुआ की कामकाजी बैठक का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया गया, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने एवं आगामी अभियानों को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक का समापन संगठनात्मक संकल्पों एवं आगामी कार्ययोजना के साथ हुआ।मंडल प्रभारी छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके ने बताया कि संगठन के निर्देशानुसार 12 साल विश्वास के विकास के,जन कल्याण के पूर्ण होने के शुभ अवसर पर 8 जून-14जून 2026 तक विशेष जन संपर्क अभियान का कार्यकम आयोजित होगा,इस दौरान महापौर महोदय ने मोदी जी के 12 साल के उपलब्धियों का भी वर्णन किया। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल प्रभारी छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती झीटो बाई धुर्वे,भोजेलाल वर्मा, सरोज जंघेला,बलदेव बोबडे,संतोष भलावी,हिम्मतराम सोनी,बबलू आरगुड़े,अरुण साहू,राजेंद्र परतेती,साहेबराव गाकरे,संदीप भट्ट,जयपाल सरयाम,मिथुन कटारे,रजत वानखेड़े,धीरज राउत,मुकेश वर्मा समेत स्थानीय कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज तामिया मंडल की बैठक संपन्न

**तामिया।** बैठक के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई और गंभीर चर्चा हुईः। संगठन की मजबूतीः बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाना। आगामी कार्यक्रमः पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा। मोदी सरकार के 12 वर्षः आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की तैयारी।इस अवसर पर संभाग कार्यालय मंत्री भारत घई जी जिला सह कोषाअध्यक्ष श्री विजेंद्र चौहान जी,श्री राकेश माइकल पहाड़े जी मंडल अध्यक्ष श्री दयाराम इरपाची जी, मंडल महामंत्री श्री विनय साहू जी ,श्रीमती सुमंत्रा ठाकुर जी ,जनपद अध्यक्ष श्रीमती तुलसा परतेती जी ,कोषाध्यक्ष श्री विजय शिवहरे जी मीडिया प्रभारी नरेंद्र। यादव जी,मंडल उपाध्यक्ष निलेश डहरिया,अरविंद पंद्रे, गोकल धुर्वे ,मुनेश यदुवंशी जी, कार्यालय मंत्री महेश ऊईके, सतीश मिश्रा विनोद अग्रवाल, मनमोहन राय प्रभु साहू,चंचलेश शर्मा,वतन उपाध्याय,मदन साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण बाजपेई रानी परतेती कमली ऊइके एवं अन्य सभी अपेक्षित देवतुल्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।



### लोग लस्सी, छाछ और शरबत सेवा से लाभान्वित



**छिंदवाड़ा।** श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तोकन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशाराम जी गौशाला खजरीं द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लाखों आम राहगीरों को निःशुल्क छाछ वितरण की गई । श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से महाशिवरात्रि ,श्रीराम नवमी , हनुमान जयंती ,शनि जयंती , झूलेलाल महोत्सव ,लोकप्रिय सांसद विवेक ( बंटी ) साहू के जन्मदिन पर , जिला अस्पताल , रेलवे स्टेशन , लिंगा बस स्टैंड ,बस स्टैंड चौराहा पर स्टॉल लगाकर छाछ / लस्सी और शरबत का निःशुल्क विरतण किया गया । श्री मदन मोहन परसाईजी ने बताया कि आयुर्वेद में छाछ एक औषधीय पेय है । इसके सेवन से गर्मी से राहत और पेट के बहुत सारे रोगों से छुटकारा मिलता है । समिति की यह 28 वर्षों की सेवा है । इस सेवा का जिलेवासियों को वर्ष भर इंतजार रहता है । समिति छाछ बनाने हेतु देशी गीर गाय का दूध इस्तेमाल करती हैं । इस दैवीय कार्य मे साध्वी प्रतिमा बहन ,साध्वी रेखा बहन ,समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ,खजरीं गोशाला के संचालक जयराम भाई ,लायन्स क्लब के पूरन लाल राज लानी ,एम आर पराडकर , देशराज राठौड़ , ओम प्रकाश गुप्ता , वासुदेव पटेल , सुभाष इंगले , अश्विनी पटेल ,नारायण ताम्रकार , दुर्गेश सोंनारे ,भूपेश रामरटे पहाड़े ,बबलू माहोरे ,तिलक सिह पन्द्राम ,गोवर्धन मालवीय ,कैलाश राउत ,दीपक दोईफोड़े ,केशव कराड़े , अशोक कराड़े , संजु कराड़े ,विमल शेरके ,डॉ मीरा पराडकर ,करुणेश पाल ,शकुंतला कराडे ,छाया परसाई ,योगीता पराडकर , कृष्णी राठौड़ ,निर्मिला पटेल ,रूपाली इंगले ,सुधा ताम्रकार ,प्रीति सोंनारे,कल्पना सोनी ,वर्षा आहूजा ,अनुपमा पावर आदि ने अपनी अपनी सेवाए दी । उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी भगवानदीन साहू ने दी ।

### भाजपा की सौंसर, लोधीखेड़ा, रामाकोना में हुई बैठकें



**सौंसर।** भारतीय जनता पार्टी के अंतर्गत रविवार को सौसर नगर, लोधीखेड़ा, रामाकोना मंडल की महत्वपूर्ण मासिक कामकाजी बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में भाजपा जिला संगठन प्रभारी दीपांकर बैनर्जी और जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को आगामी अभियानों और संगठन को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी दीपांकर बैनर्जी और जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण' के 12 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस गौरवशाली कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 5 जून से 21 जून तक विशेष जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है।भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए रूपरेखा समझाई और जिम्मेदारियां सौंपी गई है।जिसमें वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान,प्रबुद्धजन सम्मेलन, प्रेस वार्ता और युवा संपर्क अभियान के जरिए सघन जनसंपर्क,मंडल बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आदि शामिल हैनेताओं ने इस मौके पर कहा,कार्यकर्ता और उनका परिवार ही संगठन की असली पूंजी है। उनका स्नेह और समर्पण ही हमें राष्ट्रसेवा की निरंतर प्रेरणा देता है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता संतोष जैन, मोरेश्वर मर्सकोले, राजेन्द्र भक्ते, संजय भुते, राहुल मोहोड, रामकृष्ण वाकोडे, सदन साहू, दीपक कामडे, उषा भमोरे, अशोक मानापुरे, खेमराज सोनेकर, विलास खिरडकर, नंदकिशोर राय, बाबा बोबडे, दर्शन झाड़े, प्रभाकर बोबडे आदि उपस्थित थे।

# शहर की नौकरी छोड़ शुरू की जैविक खेती

## किसान मोरेश्वर दांडवे ने दोगुनी की अपनी आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



आज के दौर में जब कई किसान रासायनिक खेती के जाल में उलझे हुए हैं, सौसर निवासी मोरेश्वर दांडवे ने जैविक खेती के माध्यम से सफलता की एक नई इबारत लिखी है। शहर की चकाचौंध वाली नौकरी छोड़कर गांव लौटे मोरेश्वर ने अपनी 4.5 एकड़ जमीन को 'प्राकृतिक प्रयोगशाला' में बदल दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार किसान मोरेश्वर दांडवे ने पारंपरिक खेती की लीक से हटकर 'आत्मा परियोजना' और कृषि विभाग के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती को अपनाया। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट, नीम पाउडर के उपयोग और अंतरवर्तीय खेती जैसे नवाचारों पर ध्यान केंद्रित किया। इसके परिणामस्वरूप, उनकी वार्षिक आय जो पहले 4 लाख रुपये थी, अब बढ़कर 8 से 9 लाख रुपये तक पहुंच गई है। किसान मोरेश्वर ने अपने खेत में केवल पारंपरिक फसलें ही नहीं, बल्कि औषधीय महत्व वाली फसलों को प्राथमिकता दी है, जो आज उनके मुनाफे का मुख्य आधार बन गई हैं,काली हल्दी 800 रुपये प्रति किलो,लाका डोडा हल्दी 600 रुपये प्रति किलो,काला आलू (शुगर-फ्री) 100 रुपये प्रति किलो,सोना मोती गेहूंः 12,000 रुपये प्रति क्विंटल,है। मोरेश्वर का कहना है कि उनका मुख्य लक्ष्य केवल आर्थिक लाभ कमाना नहीं, बल्कि समाज को जहरमुक्त और स्वस्थ खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है। उनके 'ऑर्गेनिक संतरे' और औषधीय फसलें आज बाजार में खासी लोकप्रिय हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक जितेंद्र सिंह ने मोरेश्वर के नवाचार की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाग प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि विभाग ने मोरेश्वर को तकनीकी मार्गदर्शन के साथ-साथ उत्पादों को बेहतर बाजार दिलाने में भी सहयोग किया है।किसानों और युवाओं के लिए सिख है,मोरेश्वर दांडवे की यह कहानी उन युवाओं और किसानों के लिए एक नजीर है जो कम लागत में आधुनिक सोच और प्राकृतिक संसाधनों के सही मेल से न केवल अपनी किस्मत बदल सकते हैं, बल्कि समाज को एक स्वस्थ दिशा भी दे सकते हैं।

### सरकार खाद की किल्लत को जल्द पूरा करेंः विधायक विजय चौरे

**सौंसर।** विधानसभा क्षेत्र के किसानों को रासायनिक खाद न मिलने से हो रही परेशानियों को लेकर विधायक विजय चौरे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने सौसर और पांढुर्णा क्षेत्र के किसानों के लिए तत्काल पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। विधायक चौरे ने अपने पत्र में शासन की 'ई-टोकन' व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इस जटिल प्रणाली के कारण क्षेत्र के किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए भारी संघर्ष करना पड़ रहा है। किसान घंटों कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। विधायक चौरे ने स्पष्ट किया कि सौसर और पांढुर्णा क्षेत्र में कपास, संतरा और मक्का जैसी प्रमुख फसलें ली जाती हैं, जिन्हें समय पर खाद की अत्यधिक आवश्यकता होती है। पर्याप्त खाद नहीं मिलने से इन फसलों की पैदावार बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है, जिससे किसान आर्थिक संकट में घिर सकते हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पांढुर्णा जिले के किसानों को प्रति एकड़ 10 बैग खाद उपलब्ध कराई जाए। पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि एक माह पूर्व ही जिला कलेक्टर को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है।

# भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प, लांजी मंडल की मासिक बैठक में बनी रणनीति

### विधायक के निवास पर जुटे पदाधिकारी और कार्यकर्ता, संगठन विस्तार से लेकर वृक्षारोपण अभियान तक हुई चर्चा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय, प्रदेश एवं जिला संगठन के निदेर्शानुसार रविवार को भाजपा मंडल लांजी की मासिक बैठक आयोजित की गई। विधानसभा क्षेत्र लांजी-किरनापुर के विधायक राजकुमार कर्राहे के निवास पर संपन्न हुई इस बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र सरकार की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, नगर परिषद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, पार्षद एवं मंडल क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजर्बत बनाना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा।

बैठक में भाजपा की बूथ समिति एवं शक्ति केंद्र टोली की संरचना को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। पदाधिकारियों से कहा गया कि संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाना आवश्यक है। साथ ही नए कार्यकर्ताओ को जोडऩे और संगठन के विस्तार के लिए नियमित संपर्क अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने की रणनीति भी तय की गई।

कार्यकर्ताओ को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर भी चर्चा हुई।

## पुलिस अभिरक्षा में थाने में जमा, खनिज विभाग ने शुरू की कार्रवाई

# वार्डवासियों ने पकड़ा रेत से भरा बिना नंबर का ट्रेक्टर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र की शहरी सीमा में अवैध रेत उत्खन के खिलाफ वार्डवासियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत से भरा एक बिना नंबर का ट्रेक्टर पकड़कर पुलिस और खनिज विभाग के हवाले कर दिया। रविवार 7 जून की सुबह करीब 7 बजे वार्ड क्रमांक 10 के धोप टोला स्थित चनई नदी में अवैध तरीके से रेत निकालकर ले जा रहे ट्रैक्टर को स्थानीय लोगों ने घेर लिया। इसके बाद वाहन को पुलिस अभिरक्षा में कटंगी थाने में जमा करवा दिया गया। खनिज निरीक्षक बसंत पाटिल ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वार्डवासियों का कहना है कि चनई नदी में कई दिनों से अवैध खनन किया जा रहा था। कई बार समझाइश देने के बाद भी रेत माफिया बाज नहीं आए। आखिरकार रविवार सुबह लोगों ने खुद मोर्चा संभाला और अवैध परिवहन कर रहे ट्रेक्टर को पकड़ लिया। रविवार सुबह धोप टोला के वार्ड वासी नदी किनारे घूमने निकले थे। तभी उन्होंने देखा कि चनई नदी से बिना नंबर का ट्रैक्टर रेत भरकर शहर की ओर आ रहा है। ट्रैक्टर की आवाज सुनकर और लोग भी इकट्ठा हो गए। वार्डवासियों ने ट्रेक्टर को रास्ते में ही रोक लिया। चालक वाहन छोड़कर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया। जांच करने पर पता चला कि ट्रेक्टर में अवैध तरीके से निकाली गई रेत भरी हुई है और वाहन पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी है। वार्डवासियों ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने वाहन को कटंगी थाने लाकर अभिरक्षा में रख दिया। पुलिस ने वार्डवासियों से कहा कि अवैध रेत खनन और परिवहन का मामला खनिज विभाग के दायरे में आता है। इसलिए इसकी शिकायत खनिज विभाग से करें। इसके बाद वार्डवासियों ने खनिज विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही खनिज निरीक्षक बसंत पाटिल मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर और उसमें भरी रेत का पंचनामा बनाया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वाहन गोपालपुर निवासी हुकुमचंद मानेश्वर का है। खनिज निरीक्षक ने बताया कि बिना रॉयल्टी और बिना परमिट के रेत का उत्खनन और परिवहन करना अवैध है। इसके खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। वाहन को जब्त कर जुर्माना वसूला जाएगा और प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

**वार्डवासियों का आरोप बार-बार समझाने के बाद भी नहीं मानेः** धोप टोला के वार्ड वासियों ने बताया कि चनई नदी में पिछले कई महीनों से अवैध रेत खनन का काम चल रहा है। रात के समय और सुबह जल्दी ट्रैक्टर और ट्रॉली आकर रेत निकाल ले जाते हैं। नदी की तलहटी खोद दी गई है। इससे नदी का बहाव बदल रहा है और किनारे के खेतों को भी नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय निवासी महेश मानेश्वर ने कहा कि हमने रेत माफियाओं को कई बार समझाया कि अवैध खन बंद करो। पंचायत और प्रशासन से भी शिकायत की। लेकिन कोई असर नहीं हुआ। मजबूर होकर आज हमें खुद आगे आकर ट्रेक्टर पकड़ना पड़ा। अगर हम चुप रहते तो नदी पूरी तरह खत्म हो जाती। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सवाल किया है कि शहर के अंदर हो रहे अवैध खनन पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए कि बिना नंबर के ट्रेक्टर दिनदहाड़े रेत भरकर ले जा रहे हैं।

## नियमों को ताक पर रखकर निजी कॉलेज से सीधे सरकारी पद पर लाई गई थी धारणा बिसेन

# कृषि महाविद्यालय वारासिवनी में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर धारणा बिसेन सेवा से बर्खास्त

### 9 वर्षों तक लेती रही लाखों रुपयों की सैलरी और कई सुविधाएं, कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के पूर्व कुलपति पी के बिसेन की बहु है धारणा बिसेन, ससुर ने नियम विरुद्ध की थी नियुक्ति

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में नियमों को ताक पर रखकर की गई एक हाईप्रोफाइल नियुक्ति के मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। वर्तमान रजिस्ट्रार अश्विनी कुमार जैन ने एक कड़ा फैसला लेते हुए कृषि महाविद्यालय वारासिवनी में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. धारणा बिसेन को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इस बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के बाद पूरे शिक्षा जगत और विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. धारणा बिसेन के ससुर और कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी तय नियमों और प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए अपनी बहू को असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त कर दिया था। इस पूरे मामले की विभिन्न स्तरों पर लंबी जांच चली, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुल 7 पेज का एक विस्तृत और कड़ा आदेश जारी किया है। इस आधिकारिक आदेश में शुरूआत से लेकर अब तक हुई पूरी जांच, नियमों के उल्लंघन और पूरी चयन प्रक्रिया की गड़बड़ियों का सिलसिलेवार ब्यौरा दिया गया है।



**पूर्व कुलपति और रजिस्ट्रार की मिलीभगत से हुआ खेलः**इस पूरे फर्जीवाड़े की जड़ें साल 2017 से जुड़ी हैं, जब श्रीमती धारणा बिसेन गोंदिया के एक निजी विश्वविद्यालय में कार्यरत थीं। उन्हें अचानक नियमों के विपरीत जाकर वारासिवनी के कृषि महाविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर बुला लिया गया। इस प्रतिनियुक्ति को कब और किस तरह से एक स्थाई सरकारी नौकरी में बदल दिया गया, इसकी कानों-कान किसी को खबर तक नहीं होने दी गई। इस अवैध नियुक्ति के खेल में केवल पूर्व कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ही शामिल नहीं थे, बल्कि उनके साथ विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार अशोक कुमार इंगले ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। चूंकि नियुक्ति के समय अशोक कुमार इंगले ही रजिस्ट्रार के पद पर तैनात थे, इसलिए उनकी लिखित सहमति और मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी अवैध नियुक्ति को अंजाम देना मुमकिन नहीं था। इसी वजह से जांच एजेंसियों ने पूर्व कुलपति के साथ-साथ तत्कालीन रजिस्ट्रार को भी इस मामले में बराबर का आरोपी बनाया है।

**लोकायुक्त जांच और एफआईआर के बाद भी बचती रही आरोपीः**जब इस पूरी धांधली की शिकायत लोकायुक्त संगठन तक पहुंची, तो प्राथमिक तौर पर की गई जांच में कई चौंकाने वाले और संदिग्ध तथ्य सामने आए। लोकायुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इस अवैध नियुक्ति को मंजूरी देने वाले पूर्व कुलपति और अन्य अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया था। इसके बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ यानी ईओडब्ल्यू ने भी इस पूरे प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर ली थी। हैरानी की बात यह रही कि जिन अधिकारियों ने अवैध रूप से नौकरी बांटी, उन पर तो कानूनी शिकंजा कसता चला गया, लेकिन अवैध तरीके से लाभ पाने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. धारणा बिसेन लंबे समय तक बिना किसी डर के बालाघाट के वारासिवनी स्थित कृषि महाविद्यालय में अपनी नौकरी करती रहीं और उन पर कोई आंच नहीं आई। इस दौरान पूरे मामले को दबाने के लिए भोपाल स्तर से प्रशासनिक दबाव बनाने के भी कई प्रयास किए गए।

### इनका कहना है

कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के रजिस्ट्रार द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती धारणा बिसेन की सेवा समाप्त करने का आदेश महाविद्यालय को मिल गया है।

**डॉ. घनश्याम देशमुख ,**
**डीन जवाहरलाल नेहरू कृषि महाविद्यालय**

# डिजिटल नवाचार में मॉयल ने फिर गाड़े सफलता के झंडे, पीएसई एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 से सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी उपक्रम मॉयल लिमिटेड ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, डिजिटल नवाचार और आधुनिक प्रबंधन क्षमता का परिचय देते हुए प्रतिष्ठित पीएसई एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 में "एंटरप्राइज एप्लीकेशंस" श्रेणी में सम्मान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि मॉयल की डिजिटल परिवर्तन, तकनीकी नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मॉयल लिमिटेड देश की सबसे बड़ी मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी होने के साथ-साथ एक प्रगतिशील और आधुनिक सार्वजनिक उपक्रम के रूप में भी अपनी पहचान बना रही है। कंपनी ने बीते कुछ वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रणालियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उत्पादन, मानव संसाधन प्रबंधन, वित्तीय नियंत्रण, सुरक्षा निगरानी तथा प्रशासनिक कार्यों में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों को अपनाकर मॉयल ने कार्यकुशलता और पारदर्शिता में महत्वपूर्ण सुधार किया है।

पीएसई एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 में प्राप्त यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि मॉयल केवल खनन क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल नवाचार को अपनाकर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। कंपनी द्वारा लागू की गई एंटरप्राइज एप्लीकेशन प्रणालियों ने निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाया है।

मॉयल प्रबंधन का मानना है कि डिजिटल तकनीकों का प्रभावी उपयोग किसी भी संगठन की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी सोच के तहत कंपनी ने विभिन्न विभागों में आधुनिक आईटी समाधान लागू किए हैं, जिससे उत्पादकता बढ़ी है और संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हुआ है।

यह उपलब्धि मॉयल के अधिकारियों, कर्मचारियों और तकनीकी विशेषज्ञों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। कंपनी के नेतृत्व ने समय-समय पर नवाचार को बढ़ावा देते हुए डिजिटल परिवर्तन को संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल किया है। इसके परिणामस्वरूप मॉयल आज सार्वजनिक क्षेत्र के उन चुनिंदा उपक्रमों में शामिल हो गई है जो तकनीकी उन्नयन के माध्यम से नई कार्य संस्कृति विकसित कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कन्या महाविद्यालय मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस
सिवनी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी एवं म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम पर 1 जून से 5 जून 2026 तक मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. ओम प्रकाश सरवैया एवं कार्यक्रम प्रभारी श्री रामदीन भलावी के नेतृत्व में सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दिनांक 1 जून 2026 को पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन पर विशेष व्याख्यान किया गया जिसमें वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री रामदीन भलावी ने अपनी व्याख्यान में बताया कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है जो हमें वायु, जल, भोजन और रहने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। आज के युग में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, वायु और जल प्रदूषण, प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग एवं प्राकृतिक संसाधनों का दोहन पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। इस परिवर्तन के कारण जलवायु परिवर्तन ग्लोबल वार्मिंग, सूखा, बाढ़ और मरुस्थलीकरण जैसी भयानक समस्याएं प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। पर्यावरण संरक्षण से तात्पर्य प्राकृतिक संसाधनों का सही एवं संतुलित उपयोग एवं उनकी रक्षा करना है। अधिक से अधिक पेड़ लगाना, जंगलों की रक्षा करना, जल संरक्षण पर ध्यान देना, सौर एवं पवन ऊर्जा नवीनीकरणीय स्त्रोतों को अपनाना, कचरे का सही प्रबंधन और पुनर्चक्रण की भी आवश्यकता है। हमारे द्वारा किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा-बड़ा बदलाव ला सकते हैं।


### भारतीय सेना में चयनित एनसीसी कैडेट्स एवं अग्निवीर प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे सैनिक का महाविद्यालय में भव्य स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस पी जी कॉलेज सिवनी के लिए गर्व एवं गौरव का अवसर उस समय उपस्थित हुआ जब राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट हर्षित बघेल का अग्निवीर ट्रेड्समैन तथा सूरज चौहान का अग्निवीर टेक्निकल पद पर भारतीय सेना में चयन होने पर एवं एनसीसी कैडेट राजाराम के सफलतापूर्वक अग्निवीर प्रशिक्षण पूर्ण कर सैनिक के रूप में महाविद्यालय आगमन पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।
समारोह में क्षेत्रीय विधायक श्री दिनेश राय जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अजय बाबा पाण्डेय जी ने की।

### प्रदेश की ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी पहुँची, 85 हजार एमवीए के पार

**सिवनी।** प्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी कुल ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी (पारेषण क्षमता) को 85,000 एमवीए के पार पहुँचा दिया है। अब मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी( एमपी ट्रांसको )की कुल ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी (पारेषण क्षमता )बढ़कर 85284 एम वी ए की हो गई है इस उपलब्धि में मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा 400 केवी सबस्टेशन बीना में 315 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं उसके सफल ऊर्जीकरण का योगदान रहा है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे औद्योगिक विकास तथा विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण सबस्टेशन की क्षमता में वृद्धि की गई है जो अब बढकर 1260 एम वी ए की हो गई है।ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता का 85,000 एमवीए के आंकड़े को पार करना ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रदेश के सभी बिजली कर्मियों, अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी लगन, तकनीकी दक्षता और समर्पित कार्यशैली का परिणाम है।

# आदेगांव में जल संकट से हाहाकारः 10.15 दिन में एक बार आते हैं नल, टैंकरों से बुझ रही प्यास


फाईल फोटो

**जनपद पंचायत लखनादोन के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत आदेगांव के ग्रामीण पीने के पानी को लेकर परेशान व जल विभाग भी बेखबर, ग्रामीण दूर-दराज से पानी लाने को है मजबूर।**

**हरिभूमि न्यूज** आदेगांव। सिवनी

जिले के आदेगांव में भीषण जल संकट ने ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।
आलम यह है कि यहां नल 10 से 15 दिन में एक बार आते हैं, वह भी 20 से 30 मिनट के अंदर बंद हो जाते हैं पानी भर ही नहीं पता है। जिसके कारण कई सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### टैंकर ही सहारा

ग्राम वासियों का कहना है कि नल न आने से घरों में पीने तक का पानी नहीं है। मजबूरी में लोगों को दूर-दूर से निजी टैंकरों से महंगे दामों पर पानी डलवाना पड़ रहा है। रोजमर्रा के काम, मवेशियों और खेती के लिए पानी जुटाना भी चुनौती बन गया है।

### विभाग की लापरवाही से नाराजगी

गर्मी में हालात और बदतर हैं नल ना आने के कारण हमे दूर-दूर पानी भरने जाना पड़ता है। क्या हमारी परेशानी प्रशासन को दिखाई नहीं देती? ग्रामीणो ने नाराजगी जताई।

# बंजारी घाट के तीखे मोड़ पर पलटा ट्रक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के बंजारी घाट पर रविवार दोपहर करीब 1 बजे एक खाली ट्रक होकर सडक़ किनारे पलट गया। घंसौर से मंडला की ओर जा रहे इस ट्रक के पलटने से मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई, लेकिन हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### सामने से आ रहे वाहनों को बचाने में बिगड़ा संतुलन

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बंजारी घाट के तीखे मोड़ पर सामने से एक कार और बाइक आ रही थी। इन्हें टक्कर से बचाने के लिए ट्रक ड्राइवर ने अचानक गाड़ी को मोड़ा, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। लोगों का कहना है कि ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया
हादसे के बाद बंजारी घाट मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति बन गई और यातायात प्रभावित हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही घंसौर थाना पुलिस ने मौके



पर पहुंचकर स्थिति संभाली। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सडक़ से हटवाकर रास्ता साफ कराया और आवागमन सामान्य किया।

### तीखे मोड़ों पर सावधानी बरतने की सलाह

घंसौर पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है। बंजारी घाट इलाके में बढ़ते ट्रैफिक और खतरनाक घुमावदार मोड़ों को देखते हुए पुलिस ने वाहन चालकों को रफ्तार धीमी रखने और विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है।

# कार बाइक की भिड़ंत, किसान गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ईदाबाड़ी के पास शनिवार देर रात कार और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल सिवनी भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है।
जानकारी के अनुसार, हादसा ईदाबाड़ी गांव के पास मुख्य मार्ग पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार बाइक और विपरीत दिशा से आ रही कार में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार युवक सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।युवक के सिर पर चोट
हादसे में युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल का नाम कैलाश कटरे (लगभग 45) है, जो सालहटोला निवासी हैं और किसानी का कार्य करते हैं।
घटना के तुरंत बाद, स्थानीय ग्रामीणों ने घायल की सहायता की और 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और प्राथमिक इलाज के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल सिवनी पहुंचाया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना बताया जा रहा है। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर कान्हीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सडक़ से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
प्रारंभिक जांच में हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

# धूमा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चोरी गया ट्रक 24 घंटे में बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत धूमा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी गया ट्रक और उसमें लोड महंगी ड्रिलिंग मशीन महज 24 घंटे के भीतर बरामद कर ली। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में चोरी, नकबजनी एवं लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 5 जून 2026 को बड़ी झिरिया मोहल्ला, धूमा निवासी शरद शिवहरे ने सूचना दी कि उनके कार्यालय के सामने खड़ा ट्रक क्रमांक एमपी 20 जी 4823, जिसमें ड्रिलिंग मशीन लोड थी, अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना धूमा पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लखनादौन-नरसिंहपुर मार्ग पर घेराबंदी कर चोरी गया ट्रक बरामद कर लिया तथा दो आरोपियों को हिरासत में लिया। प्रार्थी के कर्मचारी संतोष वर्मन की रिपोर्ट पर थाना धूमा में अपराध क्रमांक 150/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।
गिरफ्तार आरोपी नीरज करपे, निवासी ग्राम सिमरिया, थाना आदेगांव, जिला सिवनी, रामदयाल कमरे, निवासी ग्राम सिमरिया, थाना आदेगांव, जिला सिवनी
इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धूमा डोमन सिंह मरावी, उपनिरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह एवं चालक आरक्षक रवि यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है।

# अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा का सम्मेलन 14 को

**सामाजिक एकता एवं समरसता के लिए हो रहा है यह सम्मेलन कुशवाहा**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन सामाजिक एकता जन जागरण एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम का आयोजन 14 जून दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक राशि लान वृंदावन होटल के सामने तिकोना पार्क सिवनी में आयोजित किया गया है कार्यक्रम के आयोजन एमजी कुशवाहा के मार्गदर्शन में पत्रकार वार्ता का कार्यक्रम महाराजा होटल में किया गया।
इस दौरान श्री कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष आकर्षण युवक युक्ति परिचय सम्मेलन संस्कृत वैवाहिक संबंधों की मिलेगा नया मंच एवं प्रतिभा सम्मान मेधावी विद्यार्थियों वरिष्ठ जनों एवं विशिष्ट समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा श्री कुशवाहा ने आगे बताया कि वे 10 साल में समाज के 10 करोड लोगों को जोडऩे का प्रयास करेंगे इसके लिए भी निरंतर यात्रा कर रहे हैं और अनेक प्रांतो की यात्रा कर चुके हैं।
सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकता और समरसता को बढ़ावा देना है शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार एवं संस्कारों का विकास करना है युवा जागरण एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण एवं जन सेवा इसका उद्देश्य रखा गया है समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों का सम्मान के साथ संस्कृति आध्यात्मिक एवं इतिहास से प्रेरणा लेने की बात कही गई है साथ ही रोजगार सृजन एवं आत्मनिर्भरता युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास कृषि व्यापार एवं आर्थिक उन्नति का भी इसमें समावेश किया गया है।

# महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन का बना मंच

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत उन्नति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन लखनवाड़ा की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन ग्राम करीरात में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह उपस्थित रहीं। अध्यक्षता संकुल संगठन अध्यक्ष श्रीमती शीतल विश्वकर्मा ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया, एलडीएम प्रवीण दिसोरिया, जिला परियोजना प्रबंधक संजय रस्तोगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनपद पंचायत सिवनी क्षेत्र के सात संकुल संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं सीएलएफ प्रार्थना प्रस्तुत की गई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ



भेंट कर किया गया।
सभा में संगठन की वार्षिक उपलब्धियों, वित्तीय प्रगति, ऑडिट रिपोर्ट तथा आगामी वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना और बजट का प्रस्तुतीकरण किया गया। वक्ताओं ने समूहों की आर्थिक मजबूती, नियमित बचत, बैंकिंग गतिविधियों, सामुदायिक निवेश निधि, ऋण वितरण एवं समय पर पुनर्भुगतान की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही महिलाओं को डेयरी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, जैविक खेती एवं अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जोडक़र आय वृद्धि के अवसरों का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।
अतिथियों ने कहा कि स्व-सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।
कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कई महिला सदस्यों ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियां साझा करते हुए समूहों से मिले लाभों की जानकारी दी।
इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों, ग्राम संगठनों, कृषि सखी, पशु सखी, बैंक सखी, जेंडर सीआरपी, क्षेत्रीय समन्वयकों, बुक कीपर एवं अन्य सामुदायिक कैडरों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

# ऊंची इमारतों में अग्नि सुरक्षा जांच के लिए निरीक्षण समितियों का गठन

**सिवनी, जिले में स्थित स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मॉल, होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज लॉन जैसी ऊंची इमारतों में अग्नि सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरीक्षण समितियों का गठन किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जारी आदेश के अनुसार संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री नगर पालिका, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। गठित समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित संस्थानों का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा उपकरणों, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग एवं अन्य सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता का परीक्षण करेंगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगी कि संबंधित संस्थानों द्वारा अग्नि सुरक्षा संबंधी निर्धारित मानकों एवं नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं।
निरीक्षण के दौरान यदि किसी संस्था में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं पाए जाते हैं अथवा आवश्यक अनुमतियां प्राप्त नहीं की गई हैं, तो समिति संबंधित संस्था को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश देगी तथा कमियों को दूर करने के लिए समय-सीमा निर्धारित करेगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थानों से अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा निरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



### जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा इंदिरा भवन जिला कार्यालय परिसर, पीजी कॉलेज एवं मालू कृषि फार्म में वृक्षारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित-जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए। जैसा कि हम जानते है कि मानव का अस्तित्व पेड़, पौधे और वनों पर निर्भर है। कांग्रेस पार्टी के शासन काल में वन एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया गया है।

# 14 जून को ऑनलाइन योग सत्र में जुडक़र बनें गिनीज वल्ड रिकॉर्ड का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अंतर्गत आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के नागरिकों की सहभागिता से एक विशेष ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जा रहा है। यह योग सत्र 14 जून 2026 को प्रातः 6.15 बजे से 7.35 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें एक साथ सर्वाधिक लोगों की भागीदारी के माध्यम से गिनीज वल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।
इस कार्यक्रम का प्रसारण आयुष मंत्रालय के यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। मंत्रालय ने सभी जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, योग प्रशिक्षकों, योग अभ्यासकर्ताओं एवं आम नागरिकों से इस ऐतिहासिक पहल में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की है।
कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद प्रतिभागियों को व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से ऑनलाइन योग सत्र का लिंक प्राप्त होगा।
गिनीज वल्ड रिकॉर्ड के प्रयास में प्रत्येक प्रतिभागी की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। इसके लिए आवश्यक है कि सभी प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट अथवा अन्य डिजिटल उपकरण से अलग-अलग लॉग-इन करें, क्योंकि प्रत्येक पंजीकृत डिवाइस को आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा।
जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस ऑनलाइन योग सत्र से जुडक़र योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा भारत को एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने में सहयोग देने की अपील की है।

**तीन दिवस में यदि समस्या का समाधान और सिस्टम को सुधारा नही गया तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी**

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने किसानों की मांगों को लेकर किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज धनौरा।

जिले के अंतर्गत आने वाला धनौरा विकासखंड मुख्यालय मे किसान आंदोलन का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित हुए। गोंगपा नेताओ ने मंच के माध्यम से भाजपा और कांग्रेस पार्टी को घेरा और किसानों के मुद्दों को लेकर भाषण दिया।
धनौरा में व्यापारियों के द्वारा यूरिया डीएपी की कालाबाजारी के आरोप लगाए गए वही बाजार दर से अधिक दामों पर किसानों को खाद बेचने के आरोप भी लगाए गए वही सोसाइटी प्रबंधक पर यूरिया की कालाबाजारी और गोलमाल के आरोप प्रत्यारोप भी लगाए। ई टोकन लेने के बाद भी यूरिया डीएपी किसानों को समय मे नही दी जा रही है वही पटवारियों एंव सर्वेयर द्वारा किसानों भाइयों के दो खसरा नम्बर है तो उसे पटवारी सर्वेयर



द्वारा गलत तरीके से एक ही में जोड़ा जा रहा है जिससे किसानों को समस्या परेशानी उठानी पड़ रही है।
सेवा सहकारिता समिति द्वारा खाद यूरिया डीएपी की टोकन काटने के बाद स्टॉक नही होने की झूठी जानकरी दी जाती और कालाबाजारी की जाती है। ऐसी 12 बिंदुओ पर अपनी मांग की गई गोंगपा के वरिष्ठ नेतागण ने तीन दिवस में यदि समस्या का समाधान और सिस्टम को सुधारा नही गया तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। किसान आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया और सभा का आयोजन के बाद धनौरा तहसीलदार को राज्यपाल एंव मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री मध्यप्रदेश शासन को सौपा गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामगुलाम उइके, जिला पंचायत सदस्य घुरसिंह सल्लाम, प्रांतीय धर्माचार्यों प्रेमसिंह सल्लाम, जनपद अध्यक्ष गुलाब भलावी, जनपद उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह उइके, गोंगपा प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री एडवोकेट महेश बट्टी, अरुण कुमरे, गोंगपा ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह सल्लाम, खेर सिंह कुमरे,, भजन भलावी, सहित धनौरा ब्लॉक से पहुँचे किसान बंदु एंव जिले के गोंगपा के कार्यकर्ता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में धनौरा ब्लॉक के गोंगपा कार्यकताओं एंव जनपद उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह उइके का विशेष योगदान रहा।

# तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर पर यातायात पुलिस सिवनी की सख्त कार्रवाई, 6 बुलेट जप्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा शहर में हुड़दंग मचाने वाले तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। दिनांक 04 जून 2026 को यातायात पुलिस की टीम ने बाबरिया रोड एवं नगरपालिका क्षेत्र में घेराबंदी कर तेज पटाखा जैसी आवाज निकालने वाली बुलेट गाडिय़ों की सघन जांच की। इस दौरान कुल 06 बुलेट वाहनों को अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलाते हुए पाया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी अवैध साइलेंसर जप्त कर लिए। उक्त वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए कुल 9,000 का समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस ने वाहन स्वामियों एवं मैकेनिकों को सख्त चेतावनी दी है कि वाहनों में केवल कंपनी द्वारा प्रदत्त मानक साइलेंसर ही लगाए जाएं। पटाखा आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित एवं दंडनीय अपराध है। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कुल 89 रुपये का इजाफा

# घरेलू गैस सिलेंडर में फिर से उछाल, अब रू965.50 मिलेगा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में रविवार को 29 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही अब बालाघाट में एक सिलेंडर का दाम 936.50 रुपये से बढ़कर 965.50 रुपये हो गया है।

यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब पिछले तीन महीनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कुल 89 रुपये का इजाफा हो चुका है। लगातार बढ़ती कीमतों से आम लोगों का रसोई बजट प्रभावित हो रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अरिहंत सेल्स सर्विस के मैनेजर अनुराग मिश्रा ने बताया कि रविवार को घरेलू गैस के दाम में 29 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद बालाघाट में गैस की कीमत 936.50 रुपये से बढ़कर 965.50 रुपये हो गई है। बढ़ती कीमतों को लेकर महिलाओं में चिंता है। समाजसेवी आशा बेदी ने कहा कि घरेलू गैस के दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने इसे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ बताया, क्योंकि रसोई गैस सुबह से रात तक खाना बनाने और दूध गर्म करने जैसी आवश्यक गतिविधियों में उपयोग होती है। गृहणी नीतू बरडिया ने बताया कि रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जो 500 रुपये से शुरू होकर अब लगभग 1000 रुपये तक पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि किराना से लेकर गैस तक की बढ़ती कीमतें आर्थिक समस्याएँ पैदा कर रही हैं। उन्होंने सरकार से गैस के दाम कम करने की अपील की।

### बीजामृत उपचार के साथ सुपर सीडर से की गई डीएसआर तकनीक द्वारा धान की बुवाई

## धान की सीधी बुवाई एवं खेत बचाओ अभियान के तहत कृषक चौपाल आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत एवं टिकाऊ खेती की तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न ग्रामों में जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज 06 जून 2026 को विकासखंड के ग्राम चिल्लौद में किसान श्रीमती संध्या भुतेकर के खेत पर डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान धान के बीज को प्राकृतिक खेती की महत्वपूर्ण तकनीक बीजामृत से उपचारित किया गया। इसके पश्चात सुपर सीडर मशीन की सहायता से धान की उन्नत किस्म जेआर-81 की बुवाई हरी खाद फसल ढैंचा के साथ एक एकड़ भूमि में सफलतापूर्वक की गई। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर तकनीक धान उत्पादन की एक आधुनिक एवं जल संरक्षण आधारित पद्धति है, जिससे श्रम, समय और लागत में कमी आती है तथा फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है।

कृषि अधिकारियों ने किसानों को बताया कि धान के साथ ढैंचा की बुवाई करने से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। ढैंचा एक उत्कृष्ट हरी खाद फसल है, जो मिट्टी में जैविक तत्वों एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाकर फसल को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराती है। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है और भूमि की गुणवत्ता में सुधार होता है।

इसी दिन खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत ग्राम चांगोटोला में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और कृषि विशेषज्ञों से आधुनिक खेती संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में किसानों के साथ नरवाई प्रबंधन, डीएसआर तकनीक, हरी खाद के रूप में ढैंचा का उपयोग, खरपतवार प्रबंधन तथा एजोला के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि अधिकारियों ने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका वैज्ञानिक प्रबंधन करने से भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है। किसानों को एजोला के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह जैविक नाइट्रोजन का अच्छा स्रोत है, जो धान की खेती में पोषक तत्वों की पूर्ति कर उत्पादन बढ़ाने में सहायक होता है।

चौपाल में उपस्थित किसानों ने कृषि विभाग द्वारा दी जा रही तकनीकी जानकारी और प्रदर्शन कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इन नवाचारों को अपनाने की इच्छा व्यक्त की। कृषि विभाग ने किसानों से प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों को अपनाकर लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया।

इस प्रकार आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थायी विकास और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

## हट्टा, सालेटेका, रजेगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का सीएमएचओ ने किया सघन निरीक्षण

### साफ-सफाई, प्रसव सेवाओं और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा



**बालाघाट।** बालाघाट जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. परेश उपलप ने शनिवार को विकासखंड बालाघाट (ग्रामीण) के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हट्टा तथा विकासखंड किरनापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सालेटेका एवं रजेगांव का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. उपलप ने स्वास्थ्य संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसरों में साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया, जो संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के समय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य स्टॉफ ड्यूटी पर उपस्थित मिला।सीएमएचओ ने प्रसव सेवाओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रयास कर प्रसव संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित किया जाए। डॉ. उपलप ने हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने तथा अनिवार्य रूप से ₹सार्थकर₹ पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अनुशासन और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है।

### मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं का लिया फीडबैक, निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता पर दिया विशेष जोर

## अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम ने किया बिरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**बालाघाट।** अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम ने रविवार 07 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं हितग्राहियों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान श्री नेताम ने प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची अजगरा निवासी चमन पंचतिलक, पंड्रापानी निवासी दीपा तथा मानेगांव निवासी हेमवती बघेल से चर्चा कर संबल योजना के तहत प्राप्त लाभ, जननी सुरक्षा सहायता राशि तथा जननी एक्सप्रेस सेवा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यह भी जाना कि गर्भवती महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है या नहीं।

श्री नेताम ने रोगी कल्याण समिति की बैठकों की स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों से मलेरिया नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मेडिकेटेड मच्छरदानियों के वितरण, वर्षा ऋतु में संभावित बीमारियों की रोकथाम तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा के निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को भवन निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप करने, नियमित तराई सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित समीक्षा बैठक के पश्चात श्री भगत सिंह नेताम ग्राम देवगांव पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। श्री नेताम ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में तहसीलदार राजू नामदेव, नायब तहसीलदार आर.एस. धुर्वे, डॉ. सुनील सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रकाश डहरवाल, सविता नंदन जायसवाल, चित्र कुमार ठाकरे, राधे तुरकर, यशवंत मांगरे, सुनील राहंगडाले, विजय वल्के, राजेंद्र राहंगडाले, जितेंद्र तेंभरे, लखन सिंह धुर्वे, दीपक धुर्वे, चंद्रकला केराम, दीपकिशोर मेरावी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जनसमस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र के विकास के संकल्प के साथ हुआ।

## पराली प्रबंधन और हरी खाद के उपयोग पर दिया गया प्रशिक्षण

**बालाघाट।** कृषि विभाग द्वारा संचालित "खेत बचाओ अभियान" के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने के लिए विकासखंड लांजी के विभिन्न ग्रामों में कृषक चौपाल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि अभियान के अंतर्गत किसानों को डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक, पराली प्रबंधन तथा प्राकृतिक खेती के विभिन्न उपायों की जानकारी दी जा रही है।

अभियान के तहत ग्राम कालीमाटी में कृषकों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जैविक कीटनाशक नीमास्त्र तैयार करने एवं उसके उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई करने की विधि एवं इसके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। किसानों को समझाया गया कि यह तकनीक श्रम, समय एवं सिंचाई जल की बचत करते हुए खेती की लागत कम करने में सहायक है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत पानगांव में आयोजित कृषक चौपाल में ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक की उपस्थिति में किसानों को पराली प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया गया। किसानों को डीएसआर खेती तकनीक के लाभ, ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था तथा कृषि विभाग के कार्यालयों में उपलब्ध खरीफ फसलों के प्रमाणित बीजों की जानकारी प्रदान की गई।

वहीं ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 18 कृषकों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को डीएसआर विधि से धान की खेती, सुपर सीडर एवं सीड ड्रिल मशीनों के उपयोग, हरी खाद के महत्व, नरवाई प्रबंधन तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को ढैंचा एवं सनई जैसी हरी खाद वाली फसलों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय बताए गए।

### लांजी थाना क्षेत्र के लाडसा गांव में लगी आग, घर का सामान जलकर खाक

## धुएं का गुबार, मची अफरा-तफरी: बुजुर्ग महिला के घर में भड़की आग, 60 हजार की संपत्ति राख



हरिभूमि न्यूज लांजी।

शनिवार दोपहर बालाघाट जिले के लांजी थाना क्षेत्र के ग्राम लाडसा में उस समय हड़कंप मच गया जब 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला मैनाबाई ढोंगे के पक्के मकान से अचानक धुएं का गुबार उठने लगा। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और घर का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया।घटना दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। मकान में संचालित दुकान पर बैठे देवेन्द्र नखाते ने पहले धुआं देखा। इसके बाद जब लोग भीतर पहुंचे तो बीच वाले कमरे में आग भड़क चुकी थी और बिजली के तार जले हुए लटक रहे थे।

आग देखकर आसपास अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पास स्थित मोटर पंप चालू कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

आग की चपेट में आने से घर में रखी लकड़ी की आलमारी, दो गद्दे, खाने-पीने का अनाज और मकान की पाटन में लगी लकड़ी की बल्लियां पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। पीड़ित परिवार के अनुसार इस घटना में लगभग 60 हजार रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

पीड़िता मैनाबाई ढोंगे चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनके परिजन देवेन्द्र नखाते ने थाना लांजी पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने के पीछे विद्युत शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

## कान्हा के मुक्की गेट स्थित बैगा हाट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शुक्रवार को कान्हा नेशनल पार्क के मुक्की गेट के समीप निर्मित बैगा हाट का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बैगा जनजाति के लोगों को बैगा हाट में निर्मित दुकानों का प्राथमिकता से आबंटन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि बैगा हाट का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, हस्तशिल्प, कला और जीवन शैली को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों तक पहुंचाना है। कान्हा टाइगर रिजर्व में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में बैगा हाट उनके लिए बैगा जनजाति की सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने और समझने का महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि बैगा समुदाय के लोगों को इस हाट के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। यहां वे अपने हस्तनिर्मित उत्पाद, पारंपरिक कलाकृतियां, वन उत्पाद तथा स्थानीय संस्कृति से जुड़े अन्य सामानों का विक्रय कर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उनकी पारंपरिक कला एवं संस्कृति के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।













### बैहर थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## गांव-गांव घूमकर अवैध धान बीज बेचने वालों पर कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसानों को अवैध रूप से धान बीज बेचने और धोखाधड़ी करने के मामले में कृषि विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों के विरुद्ध बैहर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं बीज निरीक्षक बैहर श्री एस.आर. धुर्वे ने बताया कि भिकेवाड़ा निवासी सानू पटले, भंडेरी निवासी पलक बिसेन तथा भोरवाही निवासी कुंजेलाल हिरवाने के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) एवं अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 07 जून 2026 को बैहर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार कृषक साथी एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर सानू पटले एवं उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि पलक बिसेन, कुंजेलाल हिरवाने के वाहन क्रमांक एमपी-50-जेडजी-6496 के माध्यम से भंडेरी, गोहारा, कासीटोला सहित विभिन्न गांवों में घूम-घूमकर विभिन्न कंपनियों के धान बीज का अवैध विक्रय कर रहे थे। कृषि विभाग को इसकी सूचना मिलने पर 01 जून 2026 को मंडेरी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन एवं धान बीज को जब्त कर लिया गया था।

जांच में पाया गया कि बिना वैध अनुमति एवं आवश्यक दस्तावेजों के किसानों को धान बीज बेचा जा रहा था, जिससे किसानों के साथ धोखाधड़ी होने की आशंका थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कृषि विभाग ने संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही प्रमाणित बीज खरीदें तथा बीज खरीदते समय पक्का बिल एवं आवश्यक दस्तावेज अवश्य प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध बीज बिक्री की जानकारी तत्काल कृषि विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## वन अधिकार पट्टा मिलने से खिल उठे आदिवासी परिवारों के चेहरे

**बालाघाट।** वर्षों से जंगल और जमीन से अपना जीवन-यापन करने वाले बैहर विकासखंड के ग्राम माड़ी के 10 आदिवासी परिवारों के लिए 06 जून का दिन नई उम्मीद और खुशियों का संदेश लेकर आया। एकलव्य विद्यालय बैहर में आयोजित खंड स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने इन परिवारों को वन अधिकार पट्टों का वितरण किया। जैसे ही उनके हाथों में भूमि स्वामित्व का अधिकार देने वाला दस्तावेज पहुंचा, उनके चेहरों पर आत्मविश्वास और संतोष की चमक साफ दिखाई देने लगी।

कार्यक्रम में गोंड जनजाति के फुंदरु सिंह मरकाम, जितन मरकाम, बाधुराम नेताम, बैसाखू नेताम और ज्ञानसिंह नेताम सहित बैगा जनजाति की कुंती बाई, अमीलाल, बिसतोबाई, लोखू सिंह एवं मंगलू सिंह को वन अधिकार पट्टे प्रदान किए गए। वर्षों से जिस भूमि पर वे खेती और आजीविका का कार्य कर रहे थे, अब उस पर उनका कानूनी अधिकार स्थापित हो गया है।

वन अधिकार पट्टा मिलने के साथ ही इन परिवारों के लिए विकास और समृद्धि के नए द्वार खुल गए हैं। अब उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड, फसल ऋण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, अनुदान पर बीज, कृषि उपकरण तथा शासन की विभिन्न कृषि एवं ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। इससे उनकी खेती अधिक उत्पादक बनेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।